समाचार

सफाई कार्य में लापरवाही पर आयुक्त ने लगाई फटकार

(नगर के विभिन्न स्थानों का किया दौरा, निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्य करने दिए निर्देश, कड़ी कार्यवाही की दी चेतावनी)

कोरबा 18 मार्च 2019 –आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने नगर भ्रमण के दौरान साफ–सफाई कार्यो में उदासीनता परिलक्षित होने पर सफाई कार्य एजेंसियों एवं निगम के स्वच्छता निरीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई, उन्होने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप नियमित रूप से साफ–सफाई कार्य करें, नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दें, सफाई कार्य के दौरान संग्रहित किए गए कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन सुनिश्चित करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त श्री दुबे ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो एवं बस्तियों का सघन रूप से दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने वार्ड क्र. 17, 18 पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर, वार्ड क्र. 24 रविशंकर नगर, महाराणा प्रताप नगर मुख्य मार्ग, निहारिका, घंटाघर, बुधवारी बाजार, सी.एस.ई.बी.चौक आदि स्थानों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई कार्यो में लापरवाही दिखने पर उन्होने स्वच्छता कार्य में संलग्न एजेंसियों एवं निगम के स्वच्छता निरीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई, उन्होने कड़े निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्यो का संपादन सुनिश्चित किया जाए, नियमित रूप से साफ–सफाई के कार्य कराए जाएं, सफाई कार्य के दौरान संग्रहित कचरा स्थल पर पड़ा न रहें, उसका तुरंत उठाव व परिवहन किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने स्वच्छता कार्य एजेंसियों को विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सफाई कार्यो में लापरवाही दिखाई देने पर कड़ी कार्यवाही एवं अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी तथा सफाई कार्य में उदासीनता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। भ्रमण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत एवं डॉ.संजय तिवारी उपस्थित थे।

कचरा फैलाने पर लगाया अर्थदण्ड– कोरबा बालको मुख्य मार्ग के किनारे स्थित होटल के संचालक मंगल सिंह के द्वारा होटल से उत्सर्जित कचरा सड़क किनारे फेका जा रहा था, भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने इसे गंभीरता से लिया तथा सार्वजनिक स्थल पर कचरा फैलाने पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया।

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालने की अपील– आयुक्त श्री दुबे ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि घरों, दुकानों आदि से निकले हुए सूखे एवं गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, निगम द्वारा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण करने की व्यवस्था की गई है, जब सफाई मित्र आपके दरवाजे पहुंचे तो यह संग्रहित कचरा उनके वाहन में ही दें, उन्होने अपील की है कि घरों व दुकानों से निकले हुए कचरे को सार्वजनिक स्थानों, नालियों, सड़कों आदि पर न फेंके तथा निगम की साफ–सफाई व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं नगर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें।